हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 12 सितंबर 2025
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 अपराध समीक्षा बैठक में थानों के प्रदर्शन को 25 मापदंडों...



07 विद्यालय की दीवार पर से कब्जा तत्काल हटाने के...



## खबर संक्षेप

### कृषि उद्योग समागम नवंबर में सीहोर में होगा

**सीहोर।** कृषि विकास एवं किसानों को आधुनिक तकनीकों से सीधे जोड़ने के दृष्टिकोण को क्रियान्वित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य शासन द्वारा इस वर्ष 'कृषि उद्योग समागम-2025 (एग्रीकल्चर इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव) का आयोजन नवंबर माह में सीहोर में किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन वृहद स्तर पर कई विभागों की सहभागिता से किया जाएगा। इसके सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य शासन द्वारा समिति गठित की गई है। समिति के अध्यक्ष सचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग होंगे। आयुक्त सह संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विभाग को सदस्य एवं आयुक्त सह संचालक, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग को सदस्य सचिव बनाया गया है। सदस्यों में आयुक्त, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, आयुक्त औद्योगिकी नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, आयुक्त सहकारिता, आयुक्त जनसंपर्क, संचालक मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास, संचालक पशुपालन एवं डेयरी, संचालक कृषि अभियांत्रिकी, प्रबंध संचालक मण्डी बोर्ड, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम और मिशन संचालक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन शामिल हैं।

### पिछले 24 घंटे में 3 एमएम बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 13.3, मिलीमीटर, श्यामपुर में 11, आष्टा में 0, जावर में 0, इछावर में 0, भैरूंदा में 0, बुधनी में 0, रेहटी में 0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 10 सितम्बर को सुबह 8 बजे तक 937.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 997.4 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 10 सितम्बर 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 863.3, मिलीमीटर, श्यामपुर में 879, आष्टा में 708, जावर में 690.6, इछावर में 867.3, भैरूंदा में 984, बुधनी में 1308 तथा रेहटी में 119.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना आवेदन की अंतिम तिथि 18 सितंबर

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार शैक्षणिक सत्र 2024-25 एवं 2025-26 अंतर्गत विमुक्त घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु समुदाय के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के ऑफलाइन नवीन आवेदन प्रारंभ हो गए हैं, जिसकी अंतिम तिथि 18 सितंबर है।

### नवागत कलेक्टर ने बैठक लेकर योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा की

# शासन की योजनाओं व कार्यक्रमों का क्रियान्वयन पूर्ण गंभीरता से किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रम का क्रियान्वयन पूर्ण गंभीरता से किया जाए, सभी अधिकारी सक्रिय रहकर शत-प्रतिशत सैचूरेशन लाएं। यह निर्देश नवागत कलेक्टर प्रीति यादव ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर दिये। नवागत कलेक्टर ने अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर कोताही न बरती जाएं, योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन कर अंतिम पायदान के व्यक्ति लाभ देना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों में लक्ष्य एवं प्रगति की जानकारी लेकर अधिकारियों को निर्देश दिये कि आगामी बैठक में विस्तृत समीक्षा होगी, सभी अपने विभागों से जुड़ी पुख्ता जानकारी एवं टीम के साथ आएं, आदि-अधूरी जानकारी न लाएं। कलेक्टर ने बैठक में सर्वप्रथम सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया तथा जिले के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर ने जिले में खाद उलब्धता एवं वितरण की समीक्षा कर निर्देश दिए कि कृषकों को आवश्यकतानुसार उर्वरक उपलब्ध करवाएं, खाद वितरण सुव्यवस्थित ढंग से हो, कृषकों को परेशान न होना पड़े, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। कलेक्टर ने आगामी 17 सितम्बर से आयोजित होने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान अन्तर्गत सेवा पखवाड़ा के आयोजन को लेकर निर्देश दिए कि पूर्व से सभी तैयारियां सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने से संबंधित पोर्टल अपडेट रखें, शासन स्तर पर भेजी जाने वाली जानकारीयाँ समय पर भेजें, इस संबंध में किसी की भी शिकायत प्राप्त नहीं हो। उन्होंने हेल्थ विभाग, महिला एवं बाल विकास सहित अन्य विभागों की समीक्षा की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नंदा भलावे कुशरे, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम आगर मिलिन्द ढोके,डिप्टी कलेक्टर किरण बरबड़े,प्रेम नारायण परमार,सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



### चार्ज लेने से पूर्व मां बगलामुखी की पूजा अर्चना की







**नलखेड़ा।** गुरुवार को जिले की नवागत कलेक्टर प्रीति यादव पदभार ग्रहण करने से पहले नलखेड़ा में स्थित प्रसिद्ध मां बगलामुखी धाम पहुंचीं। जहां उन्होंने माता रानी के दर्शन किए। पंडित मनोज शर्मा ने विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न करवाया। नवागत कलेक्टर के मंदिर आगमन पर मंदिर के मुख्य पुजारी गोपाल दास एवं मनोहर दास ने माता की चुनरी उड़ाकर उनका स्वागत किया। नवागत कलेक्टर प्रीति यादव ने गुरुवार को आगर मालवा जिले में पहुंचकर कलेक्टर का पदभार ग्रहण किया। विदित है कि प्रीति यादव 2016 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। उन्हें आयुक्त नगर पालिका निगम जबलपुर से आगर मालवा जिले में पदस्थ किया गया है। जिले में पहुंचने पर नवागत कलेक्टर यादव का अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम आगर मिलिंद ढोके, एसडीएम सुसनेर सर्वेश यादव, डिप्टी कलेक्टर किरण बरबड़े सहित प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

## नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर को, 11 खंडपीठ का किया गठन

**नलखेड़ा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय आगर मालवा एवं तहसील न्यायालय सुसनेर, नलखेड़ा में किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में आपसी सहमति से समझौते के माध्यम से राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, चेक बाउंस, पारिवारिक विवाद, सिविल, मोटर दुर्घटना क्लेम, घरेलू हिंसा अधिनियम, भरण पोषण, विद्युत अधिनियम के न्यायालय में लंबित प्रकरण निराकरण हेतु रखे जाएंगे। इसके अतिरिक्त प्री-लिटिगेशन प्रकरण के रूप में विद्युत अधिनियम के प्रकरण, नगर पालिका के जलकर, संपत्ति कर के प्रकरण बैंकों के ऋण वसूली प्रकरण, बीएसएनएल विभाग के दूरभाष बकाया बिल राशि के प्रकरण भी नेशनल लोक अदालत में रखे जा रहे हैं।

नेशनल लोक अदालत की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। नेशनल लोक अदालत के लिए जिला एवं तहसील स्तर पर 11 खंडपीठ का गठन किया गया है। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित कुल 2352 प्रकरण तथा प्री-लिटिगेशन के लगभग 5342 प्रकरण निराकरण हेतु रखे जाएंगे। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रभारी प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष अमर कुमार शर्मा ने जिला एवं तहसील स्तर पर पदस्थ न्यायाधीशगण के साथ गुरूवार को बैठक ली गई। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ 13 सितम्बर को प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमर कुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य में प्रातः 10:30 बजे जिला न्यायालय परिसर में किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में विभिन्न विभागों द्वारा दी जा रही छूट का लाभ लेने की अपील अश्वनी सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा की गई है।

### सड़क सुरक्षा अभियान अंतर्गत छात्रों को दी गई यातायात नियमों की जानकारी



**नलखेड़ा।** सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए आगर मालवा जिले में पुलिस द्वारा 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत गुरुवार को स्कूली छात्रों को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई एवं स्कूली वाहनों की चेकिंग की गई। जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में 8 से 22 सितम्बर तक विशेष सड़क सुरक्षा अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण यातायात व्यवस्था में सुधार और नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाना है। अभियान के अंतर्गत गुरुवार को स्थानीय थाना प्रभारी नागेश यादव एवं थाना स्टाफ द्वारा कमला सागर हायर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही स्कूल वाहनों की जांच भी की गई।

## विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली महक को प्रदान की स्कूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

प्रदेश सरकार की शासकीय स्कूलों में मेधावी विद्यार्थियों को निशुल्क स्कूटी योजनान्तर्ग स्थानीय सांदीपनि विद्यालय में कक्षा 12वीं में 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा महक जायसवाल को स्कूटी प्रदान की गई। गुरुवार को विद्यालय में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के स्कूटी वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कार्यक्रम विद्यालय की छात्राओं उपस्थित अतिथियों एवं विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने देखा। आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा सेनिटेशन एवं हाइजीन योजना अंतर्गत 20 लाख से अधिक बालिकाओं को 61.12 करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण किया।

सांदीपनि विद्यालय में आयोजित स्कूटी वितरण कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा, जिला मंत्री पवन वेदिया, पूर्व जिला उपाध्यक्ष पीरूलाल कलसिया, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश चौहान, जनपद उपाध्यक्ष ईश्वर यादव, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रीतेश फाफरिया, पार्षद गोर्वधन वेदिया सहित परिषद के अन्य पार्षदगण, साईं यादव, जनपद सदस्यगण, प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी, उप प्राचार्य शांतिलाल राठौर सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।




### ग्राम में स्थित गौशाला में 500 से अधिक गायों की सेवा का किया जा रहा कार्य

## ग्राम धरोला का वृन्दावन ग्रामों की सूची में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मप्र पंचायत ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्रामों की सूची में आगर जिले की चार ग्राम पंचायत का चयन किया गया, जिसमें नलखेड़ा तहसील के गांव धरोला का चयन योजना अंतर्गत किया गया है।

ग्राम पंचायत धरोला के सरपंच राकेश पाटीदार व ग्रामवासियों के अथक प्रयास से गांव में बाबा नटकेश्वर गोशाला के सतत संचालन से गांव धरोला का मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना की सूची में चयन हुआ है। सरपंच राकेश पाटीदार के अथक प्रयास से ग्राम में स्थित उक्त गोशाला में 500 से अधिक गायों की निरन्तर सेवा का कार्य किया जा रहा है। साथ ही सरपंच पाटीदार द्वारा ग्राम वासियों से गोशाला के लिए सुझाव भी आमंत्रित किए है। जिससे गोशाला को ओर भी सुविधायुक्त बनाया जा सके।

**जिले की चार पंचायतों का चयन:** प्रदेश सरकार की उक्त योजना में आगर जिले की चार पंचायतों का चयन हुआ है। जिसमें आगर तहसील की तनोडिया, बड़ोद तहसील की बीजानगरी, नलखेड़ा तहसील की धरोला तथा सुसनेर तहसील की मोड़ी पंचायत का चयन किया गया है। मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना अंतर्गत ऐसा ग्राम चयनित किया जाता है जिसकी वर्तमान जनसंख्या न्यूनतम 2000 एवं गोवंश की न्यूनतम संख्या 500 हो। चयनित ग्राम में शासन द्वारा गौशाला, ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी भवन, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल भवन, यात्री प्रतीक्षालय, स्ट्रीट लाइट, पुस्तकालय, सर्व सुविधा युक्त आजीविका भवन, ग्रामीण आजीविका हेतु वर्कशेड़, पशु चिकित्सालय, ग्राम तक कनेक्टिविटी, ग्राम के अंतर्गत आंतरिक सड़के व नाली,सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान व गोदाम की सुविधाएं भी ग्राम वासियों को उपलब्ध होगी।





### फसल बीमा क्लेम नहीं मिलने पर बीते 20 दिनों से लगातार हो रहे प्रदर्शन

# बीमा राशि और खराब सोयाबीन को हाथों में लेकर महिलाएं उतरी मैदान में, खेतों में किया प्रदर्शन, जमकर लगाए नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

अभी तक तो 20 दिनों से ग्रामीण किसान भोपाल सीहोर शाजापुर जिले के अलग-अलग गांव में कहीं नदी में कहीं पेड़ों पर कहीं रोड पर कहीं पानी की टंकी पर प्रदर्शन कर रहे थे। यह आंदोलन किसान व समाजसेवी एमएमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में पिछले 20 दिनों से किया जा रहा है जिसको लेकर कलेक्टर सीहोर को भी दर्जनों गांव के किसानों ने ट्रॉली भर कर आकर ज्ञापन भी दिया जा चुका है।

जब प्रशासन शासन ने किसानों की सुनवाई नहीं की कोई भी अधिकारी बीमा कंपनी के किसानों के बीच में नहीं पहुंचा खराब सोयाबीन की फसल को देखने नहीं पहुंचा बीमा राशि नहीं मिली तो अब मैदान में महिलाएं किसान खराब फसल के खेतों में उतर आए हैं हाथों में खराब फसल लिए हुए नारे लगा रही हैं इनमें से एक महिला शिप्रा भाई तो इतनी दुखी हुई है। शिप्रा भाई का कहना है कि मेरी 5 साल से बीमा नहीं मिला हर साल सोयाबीन की फसल बर्बाद हो जाती है 2 दिन से मेरे बच्चों ने खराब सोयाबीन को देखकर खाना तक नहीं खाया शिप्रा भाई से रहा नहीं गया वह खराब सोयाबीन की फसल में बैठकर फूट फूट कर रोने लगी जिसको गांव की अनेकों महिलाओं ने समझाया बुझाया।

शिप्रा बाइ का रो-रोकर बुरा हाल था सभी महिलाओं ने उनको हवा करके उन्हें शांत कराया समझाया बुझाया लेकिन सरकार के बीमा कंपनी के अधिकारियों को जो तक नहीं रहेंगे रहा है अभी तक तो किसान आंदोलन कर रहे थे लेकिन अब महिलाएं मैदान में उतराई। इस मौके पर गोरा बाई उर्मिला परमार अयोध्या बाई अवंती बाई मैं भी अपने-अपने स्तर से दुखड़ा बताया कि हम किस तरह परेशान हैं हम महिलाएं 24 घंटा दिन रात खेतों में काम करते हैं।

छोटे-छोटे बच्चे लेकर खेतों में लेकर दिनभर काम करते रहते हैं सरकार महिलाओं के लिए क्या कर रही है किस महिलाओं के क्या लाभ दे रही है हमें तो कभी छुट्टी मिलती नहीं है और विभाग में सरकारी काम में महिलाओं को तो छुट्टी मिल जाती है हम तो डिलीवरी होने के 15 दिन बाद से खेतों में काम करने लग जाती हैं छोटे-छोटे बच्चों को भी खेतों में ले जाकर काम करती हैं ना तो हमें बीमा राशि मिलती ना किसानों को फसल का सही भाव मिलता है हम दिन रात मेहनत करती घर का काम भी करती हो सुबह से शाम तक खेतों में भी काम करती हूं हमारे को सरकार द्वारा कोई लाभ नहीं मिल पा रहा।



## निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और तेजी से पूर्ण किए जाएं : कलेक्टर

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के ग्राम मंडी में सीप-अंबर सिंचाई परियोजना का निरीक्षण किया और परियोजना के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने परियोजना के फेज-1 और फेज-2 के अंतर्गत हो रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से समयसीमा में पूर्ण करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम मंडी में जल निगम के इंटेकवेल और लाड़कुई के ग्राम चौरसाखेड़ी में जल निगम के जल शोधन केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जल निगम की इस परियोजना से चिन्हित ग्रामों के नागरिकों के लिए जलापूर्ति सुनिश्चित होगी। सीप अंबर परियोजना के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि यह परियोजना जिले के किसानों की फसलों की सिंचाई के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। परियोजना के पूर्ण हो जाने पर हजारों हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी और ग्रामीण क्षेत्र में कृषि उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य समय पर और तय मानकों के अनुसार पूरे किए जाएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित ठेकेदारों और तकनीकी अमले को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए।



**खबर संक्षेप**

## बाल वाटिका का स्कूल परिसर में हुआ निर्माण




**चापडा।** इन दिनों पंचायत विभाग द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायतों में बाल वाटिका का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसी के चलते जनपद पंचायत बागली के ग्राम पंचायत बरझाई में पंचायत द्वारा बाल वाटिका का निर्माण किया गया, जो कि अपने आप में अलग ही नजर आ रही है। पंचायत द्वारा बाल वाटिका का जो उद्देश्य है,उसी पर आधारित निर्माण किया गया है। सरपंच रेखा बाई हरिसिंह कर्मा, सचिव मनोहर यादव, सहायक सचिव नवीन तंवर ने बताया कि पंचायत विभाग द्वारा बाल वाटिका के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई थी, जिसके अंतर्गत लगभग 5 लाख की लागत से बाल वाटिका का निर्माण किया गया है,जिसका लाभ गांव के ग्रामीण एवं स्कूल के बच्चों को मिलेगा।जहां पर आधुनिकता को ध्यान में रखते हुए खेलकूद की जगह और फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया है। साथ ही बाउंड्रीवाल पर प्राचीन धरोहर की प्रदर्शनी बनाई गई है, जिसमें धारा जी घाट, कोटडा किला जैसी कई प्रदर्शनियां हैं। सरपंच रेखा कर्मो ने बताया कि पंचायत द्वारा बाल वाटिका निर्माण करने का उद्देश्य आम जनता को लाभ पहुंचाना है।

### जिला पुलिस कंट्रोल रूम में अपराध समीक्षा बैठक हुई आयोजित

# अपराध समीक्षा बैठक में थानों के प्रदर्शन को 25 मापदंडों पर किया गया आंकलित

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और पुलिस जवान को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला पुलिस कंट्रोल रूम में गुरुवार को अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मासिक अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक सहित समस्त आला अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अगस्त माह में प्रदर्शन के आधार पर थानों की रैंकिंग की जारी की गई। थाना सिविल लाईन को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। सीएसपी देवास को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर थाना प्रभारी सिविल लाईन निरीक्षक हितेश पाटिल को एसपी गेहलोद ने सम्मानित किया। प्रथम अनुभाग के रूप में सीएसपी सुमित अग्रवाल को पुरस्कृत किया गया। अगस्त माह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रधान आरक्षक 425 नितेश द्विवेदी थाना नाहर दरवाजा को देवास पुलिस का सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मी पुरस्कार प्रदान किया गया। इस दौरान अपराध, चालान, मर्ग, स्थाई वारंट,समन, सीएम हेल्पलाइन, सीसीटीएनएस, राहत प्रकरण, यातायात



दुर्घटनाए, सम्पत्ति संबंधी, जनसुनवाई, चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट सत्यापन, सायबर फ्रॉड, जिलाबदर, एचएस-गुण्डा, सजायाबी, ऑपरेशन त्रिनेत्रम, फाइनल बाउण्ड ओवर, 122, 122 निर्णय, जमानत निरस्तीकरण कुल 25 पैरामीटरो की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान माह मई में प्रदर्शन के आधार पर थानों की रैंकिंग जारी की गई। बैठक में एएसपी शहर जयवीर सिंह भदौरिया, एएसपी अधीक्षक ग्रामीण सौम्या जैन,एएसपी यातायात हरनारायण बाथम, समस्त एसडीओपी, समस्त थाना/चौकी के प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय की शाखाओं के प्रभारी मौजूद रहे। एसपी गेहलोद द्वारा अपराध समीक्षा बैठक में

**टॉप फाइव थाने**
- सिविल लाईन
- कांटाफोड़
- बरोठा
- औद्योगिक क्षेत्र
- कन्नौद

निर्देश दिए गए कि मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक के आदेशों का सख्ती से पालन करे, छोटी से छोटी सूचना को गंभीरता से ले, किसी भी सूचना पर पुलिस का रिस्पॉन्स टाइम कम से कम होना चाहिए, आमजन द्वारा की जाने वाली शिकायतो की जल्द से जल्द जांच कर उचित वैधानिक कार्यवाही करे, अवैध शराब बिक्री,जुआ/सट्टा संचालन,अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही कर ऑपरेशन प्रहार" को सफल बनाए। अपराध समीक्षा बैठक में समस्त थानों का 25 पैरामीटर के आधार पर आंकलन किया गया। जिस आधार पर थानों की रैंकिंग जारी की गई। सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मी पुरस्कार के रुप में थाना नाहर दरवाजा में पदस्थ प्रधान आरक्षक 425 नितेश द्विवेदी द्वारा 03 अगस्त 25 को अत्यंत सजगता एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए थाना औद्योगिक क्षेत्र के अपराध क्रमांक 711/2025 धारा 309 बीएनएस में पंजीबद्ध ट्रक ड्राइवर से लूट के प्रकरण में फरियादी द्वारा मौखिक बताए गए आरोपी के हुलिए की पहचान की एवं आरोपी रवि पिता मूलचंद निवासी बीराखेड़ी को गिरफ्तार करने में सहयोग दिया। उनकी इस सक्रियता एवं सतर्कता से एक गंभीर लूट प्रकरण का शीघ्रता से खुलासा हो पाया था। बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक द्वारा अच्छा कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों की प्रशंसा की गई एवं कार्य को इसी प्रकार और अधिक गुणवत्ता के साथ एवं समयावधि में करने हेतु प्रेरित कर अपराध समीक्षा बैठक का समापन किया।

# स्वास्थ्य केंद्र की नर्स पर लगा लापरवाही का आरोप

### प्रसूता के पति ने कलेक्टर से की शिकायत




हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

पुंजापुरा शासकीय स्वास्थ्य केंद्र पर लापरवाही का मामला सामने आया है। जिला जनसुनवाई में प्रसूता के परिजनों ने एक आवेदन दिया, जिसमें बताया गया कि साधना पति माखन को जो की गर्भवती थी , उसे प्रसव पीड़ा के चलते बागली स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के लिए घर से निकले थे। परन्तु बोरखालिया ग्राम लालघाटी से जब पुंजापुरा बागली रोड पर पहुंचे तो वहां अधिक पीड़ा बढ़ जाने से हमने उसे पुंजापुरा अस्पताल में ही दिखा दिया। जहां पर ड्यूटी नर्स ने कहा की डिलीवरी तो नॉर्मल होगी।

आप गर्भवती की डिलीवरी यहीं पर करवा लीजिए। डिलीवरी भी नॉर्मल हो गई। 06 अगस्त को दोपहर 2 बजे प्रसूता की छुट्टी कर दी गई। अस्पताल से जब हम साधना को लेकर घर आए तबनित क्रिया में साधना को गड़बड़ लगी। उसने अपने पति को बताया कि मुझे मूत्र और शौच एक ही जगह से हो रहे हैं। इस पर हमने वापस प्रसूता साधना को पुंजापुरा अस्पताल में दिखाया। वहां से उसे बागली रेफर कर दिया। जहां जांच के बाद उसे गोली देकर कहा गया कि ठीक हो जाएगा और इनकी डिलीवरी जहां पर हुई है वहीं पर लेकर जाइए, लेकिन परिजनों ने उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए बागली के एक निजी अस्पताल में दिखाया। निजी अस्पताल द्वारा जानकारी दी गई की इनकी एक नस कटी हुई है। उन्होंने प्राथमिक इलाज कर कर प्रसूता को इंदौर रेफर कर दिया जहां पर साधना का इलाज किया गया।

पति ने कहा कि हम गरीब लोग कर्ज कर कर जैसे तैसे उसका इलाज करा पाए। पुंजापुरा अस्पताल की नर्स की गलती की वजह से हमें इतनी बड़ी समस्या का सामना करना पड़ा। मेरी पत्नी की जान पर बन आई। वहीं पीड़िता के पति ने बताया कि डिस्चार्ज वाले कागज पर दिन छुट्टी हुई है, उस दिन डिलीवरी की तारीख डाली गई है। आवेदन देकर मामले की जांच कर शीघ्र वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है।


**कार्रवाई की जाएगी**

डिलीवरी के समय की गई लापरवाही से जो नस कटी है उसमें जो भी दोषी हो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

**सरोजिनी जेम्स बेक,** जिला स्वास्थ्य अधिकारी देवास

# नगर परिषद सीएमओ सोनी का हुआ स्थानांतरण अब ठाकुर होगी भौरासा नगर परिषद सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



गुरुवार को भौरासा नगर परिषद में पदस्थ सीएमओ सविता सोनी का जिले की हाटपिपल्या नगर परिषद में स्थानांतरण हो गया। इनके स्थान पर हाटपिपल्या नगर परिषद सीएमओ प्रमिला ठाकुर अब भौरासा नगर परिषद की कमान संभालेंगी। आपको बता दे की पिछले दिनों प्रदेश शासन नगरीय विकास विभाग एवं आवास मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार भौरासा परिषद सीएमओ का स्थानांतरण नीमच जिले के नगर परिषद डिकेन में हो गया था। उनके स्थान पर नगर परिषद डिकेन से नगर परिषद में पदस्थ सीएमओ प्रमिला ठाकुर का स्थानांतरण भौरासा नगर परिषद में किया गया था। 19 जून 25 को प्रमिला ठाकुर ने आकर के भौरासा नगर परिषद के नगर परिषद अधिकारी के पद पर चार्ज भी ग्रहण कर लिया गया था। पूर्व नगर परिषद सीएमओ सोनी को 19 जून को कोर्ट से स्टे मिल गया था। नीमच जिले के डिकेन नगर परिषद से स्थानांतरित होकर आई ठाकुर भी भौरासा नगर परिषद के सीएमओ के पद पर बनी हुई थी जिसके बाद नगरीय प्रशासन संयुक्त संचालक द्वारा अस्थाई रूप से कुछ दिनों के लिए प्रमिला ठाकुर को हाटपिपल्या नगर परिषद सीएमओ के पद पर नियुक्त कर दिया गया था। बुधवार को मिले आदेश के अनुसार भौरासा नगर परिषद की सीएमओ सविता सोनी को हाटपिपल्या नगर परिषद सीएमओ के पद पर पदस्थ किया। वहीं हाटपिपल्या नप से प्रमिला ठाकुर को भौरासा नप सीएमओ के पद पर पदस्थ किया। हाटपिपल्या स्थानांतरण होने पर भौरासा नप अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पार्षद सचिन यादव, राजेंद्र यादव, सुरेश मालवीय, अफजल मंसूरी व नगर परिषद के समस्त स्टाफ के कर्मचारियों के द्वारा सोनी को विदाई दी।



## नप हाटपिपल्या में यादव का किया स्वागत



**चापडा।** नगर परिषद महासंघ प्रदेश अध्यक्ष कमल यादव का बुधवार के दिन नगर परिषद हाटपिपलिया में अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण राठौर द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान कमल यादव ने बताया कि नगरी प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से नगर परिषद में जनता द्वारा अध्यक्ष चुने जाने की बात को लेकर मांग की गई थी, जिस पर अब सरकार ने मोहर लगा दी है। जल्द ही सरकार इस पर अध्यादेश आदेश लाने वाली है। इस फैसले की मंजूरी के बाद नगर परिषदों में जनता द्वारा अध्यक्ष चुने जाएंगे जो कि बिना दबाव के अच्छे से कम कर सकेंगे। इस दौरान अरुण राठौर द्वारा प्रदेश अध्यक्ष कमल यादव का पुष्प माला व साफा बांध कर स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष गोठी, श्रीराम पाटीदार,पार्षद मोहनलाल मानधन्या, अमित धुलिया, राधेश्याम राठौर आदि उपस्थित रहे।

## 13-14 सितंबर को होगा चौथा कवि समागम

**देवास।** कवि समागम समिति द्वारा चौथा कवि समागम स्थानीय राजपूत गार्डन में 13 और 14 सितंबर को आयोजित किया जा रहा है। इस भव्य साहित्यिक आयोजन में देश के कोने-कोने से 250 से अधिक नवोदित एवं स्थापित कवि शिरकत करेंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम में कविता पाठ, परिचर्चा, विभिन्न लेखकों की पुस्तकों का लोकार्पण, वरिष्ठ कवियों का मार्गदर्शन, सम्मान समारोह एवं अन्य साहित्यिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। समिति अध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि हिंदी दिवस पर कवि समागम में प्रस्तुत कविताओं का प्रसारण डिजिटल दरवाजा चैनल पर किया जाएगा। साथ ही श्रेष्ठ कवियों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम का सह-प्रायोजन साहित्य समन्वय समिति द्वारा किया जा रहा है।

# भौरासा नगर की कक्षा 12वीं की प्रतिभाशाली छात्रा को सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर मिली स्कूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर के शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय में गुरुवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शा. कन्या उ.मा. विद्यालय भौरासा की कक्षा बारहवीं मे सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा नगीना पिता धर्मेंद्र यादव प्रतिभाशाली छात्रा को नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पार्षद सचिन यादव ने मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत स्कूटी वितरित कीं। कक्षा 12 वीं में शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा नगीना को मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार स्कूटी प्रदान की गई। नगर परिषद अध्यक्ष जोशी ने कहा कि इस तरह के पुरस्कार छात्र-छात्राओं में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देते हैं। इससे वे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं, वही कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य नीता शर्मा ने बताया कि विद्यालय मैं 75% से अधिक अंक प्राप्त करने पर कुल 10 छात्राओं को लैपटॉप हेतु 25 हजार रुपए नगद प्रोत्साहन राशि मुख्यमंत्री द्वारा दी गई। इसमें हमारे विद्यालय से नगीना यादव, हर्षिता राठौड़, सोना यादव, पदमा यादव, अंशिका ठाकुर, जागृति यादव,तनस खान,अनुष्का सेंधव, करुणा गुर्जर, तनीषा नागर सहित आदि छात्र- छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दी गई। वही बताया कि विद्यालय का कक्षा दसवीं का इस बार का परीक्षा परिणाम 98% रहा। वही कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 100% रहा जो हमारे नगर के लिए गौरव की बात है।

# नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में देवास जिले में 13 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास मिश्र द्वारा प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।इस अवसर पर अतिरिक्त जिला न्यायाधीश विकास शर्मा, प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश उमाशंकर अग्रवाल, पंचम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश अभिषेक गौड़, तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश राजेन्द्र कुमार पाटीदार, चतुर्थ अतिरिक्त जिला न्यायधीश प्रसन्न सिंह बहरावत, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश डॉ. रविकांत सोलंकी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भारत सिंह कनेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रोहित श्रीवास्तव, न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड नीलेन्द्र कुमार तिवारी, न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड दीक्षा मौर्य, न्यायाधीश वरिष्ठ खंड युवराज सिंह, न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड निकिता वार्ष्णेय पाण्डे, न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड प्रियांषु पाण्डे, न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड किरण सिंह, न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड रश्मि अभिजीत मरावी, न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सौरभ जैन, न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड चंद्रा पंवार एवं पीठासीन अधिकारी श्रम न्यायालय देवास सैय्यद दानिश अली, जिला विधिक सहायता अधिकारी सुभाष चौधरी एवं जिला अभिभाषक संघ देवास के सचिव अतुल पंडया, लिगल डिफेंस काउंसिल के सदस्य, पैनल अधिवक्ता, पैरालीगल वॉलेन्टियर विद्युत विभाग के डीई राजा करोले, एई प्रवीण जैन, प्रज्ञा पांडेनगर निगम विभाग के अधिकारीगण, न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### इनोवेटिव पब्लिक स्कूल ने अभिनन्दन समारोह किया आयोजित

# समय का महत्व, अनुशासन सफलता के दो स्तंभ है: खान






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

इनोवेटिव पब्लिक हा. से. स्कूल देवास द्वारा सेना और शिक्षा जगत के क्षेत्र से सेवानिवृत हुए सूबेदार मेजर आरिफ खान, कमल सिंह टाँक एवं आदिल पठान का अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। संस्था के प्राचार्य सय्यद मकसूद अली ने बताया कि इस समारोह के मुख्य अतिथि अजय कुमार मिश्रा जिला परियोजना समन्वयक देवास थे, विशेष अतिथि के रूप मे के. के मिश्रा प्राचार्य ना. वि. क्र. 1 थे। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत रामेश्वर पटेल, मिर्जा मुशाहिद बैग, सय्यद मकसूद अली, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, विनोद चौहान, संजय देवल, हेड बॉय अयान मिर्जा ने किया। इस अभिनन्दन समारोह में विद्यालय द्वारा तीनों सेवानिवृत शख्सियतों को शाल श्रीफल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथि उदबोधन मे अजय कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा की आप अपने जीवन मे हर समय अनुशासित रहकर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहें। कार्यक्रम में बच्चों के अनुशासन को देखकर विद्यालय के शैक्षणिक स्तर का पता चल रहा है। इस तरह के सम्मान समारोह विद्यार्थियों के भविष्य को दिशा देने में कारगर होते हैं। सेना से सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर आरिफ खान ने कहा कि बच्चों आप समय के महत्व और अनुशासन से बड़ी से बड़ी सफलता हासिल कर सकते हैं। कमलसिंह टांक ने विद्यालय और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। आदिल पठान ने उपस्थित विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम करते रहने और सफल होने के लिए कुछ टिप्स दिए और साथ ही समय समय पर गणित विषय के मार्गदर्शन हेतु संस्था में उपस्थित होने का वादा किया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह स्वरुप पौधे जमील शेख (करीम) एवं मिर्जा मुशब्बीर बैग ने भेंट किए। इस अवसर पर खेल शिक्षक सलीम शेख, यादव, समाज सेवी हारिश गजधर सहित विद्यालय का स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सय्यद सदाकत अली ने किया एवं आभार मिर्जा मुशाहिद बैग ने माना।

# नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि ने भोपाल में की नगर के विकास कार्यों के लिए बड़े नेताओं से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



नगर परिषद बागली द्वारा लगातार नगर में अनेक विकास कार्य किया जा रहे हैं। परिषद के प्रयास से बड़ी सौगात नगर को मिली है। इसी के चलते एक और बड़ी सौगात नगर को देने के लिए लगातार नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव एवं नगर परिषद संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल यादव द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।

इसी के चलते विगत एक सप्ताह से लगातार कमल यादव द्वारा भोपाल में बड़े नेताओं से मुलाकात कर नए निर्माण कार्य की स्वीकृति के लिए प्रयास किया जा रहा है। मंगलवार के दिन भोपाल में नगरी प्रशासन विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं मंत्री विजय शाह सहित अन्य नेताओं से मुलाकात कर नए विकास कार्य को लेकर चर्चा की गई एवं स्वीकृति के लिए मांग पत्र दिया गया।

नगर परिषद द्वारा बैहरी फाटे से थाना चौराहे तक मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण ,पेयजल योजना, घाट निर्माण सहित अनेक विकास कार्य की सौगात नगर को दिलवाई गई है। इसी कड़ी में एक नई सौगात नगर के लिए स्वीकृत करने के लिए लगातार प्रयास जारी है। इस दौरान पार्षद मोहनलाल मानधन्या, अमित धुलिया, राधेश्याम राठौर आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### नेत्र जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**ललितपुर।** समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मण्डल सक्षम ने नेत्र जागरूकता अभियान का शुभारम्भ करते हुए नेत्रदान को महादान बताया। प्रान्तीय सचिव डा.सुरेन्द्र विक्रम गोस्वामी ने कहा कि नेत्रदान महान है जिससे जुडने पर आत्मिक शान्ति मिलती है। नेत्रदान में जब हम दो व्यक्तियों को नेत्र ज्योति प्रदान कर भागीरथी पुण्य का अर्जन कर सकते हैं। कहा कि सक्षम नेत्रदान का अभियान समाज के हर वर्ग में कर अधिक से अधिक लोगों को नेत्रदान के अभियान से जोड़ेगा। कार्यक्रम में मुख्य कोषाधिकारी अटलराज भास्कर ने सक्षम के माध्यम से दिव्योगों को समाज की मुख्यधारा से जोडने के लिए किए जा रहे प्रयासों को सराहा। महिला आयाम प्रमुख डा.मोनिका गोस्वामी ने समाज में जागरूकता के लिए हर वर्ग से सहयोग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सक्षम जिलाध्यक्ष अक्षय अलया ने की, जबकि संचालन मंत्री अजय जैन साइकिल ने किया। प्रान्त सचिव ने दिव्यांगों को रोजगार के माध्यम से लाभान्वित किए जाने हेतु गठित रोजगार आयाम में वीणा जैन को प्रमुख का दायित्व सौपा। इस दौरान डा.तेजस्व, गोविन्द व्यास, मनोज जैन, मनविन्दर कौर, देवेन्द्र कुशवाहा, खेतसिंह, रवीन्द्र जैन, वीरेन्द्र जैन सोनू, विवेक तिवारी, संजीव सौरया, धुरव साहू आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने घर घर लगवाए झंडे

**ललितपुर।** जिला प्रभारी मुकुट सिंह के नेतृत्व मै नगर व जिला के ब्लाको मै कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओ के घरो पऱ पार्टी के झंडा लगये गए इस मोके पऱ जिला अध्यक्ष डॉ दयाराम रजक ने अभी ब्लाक अध्यक्षओ निर्देश दिया संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत पार्टी का झंडा प्रत्येक गांव, गांव, मै म लगवाये जहाँ भी कांग्रेस का कार्यकर्ता हो उसके घर पऱ झंडा लगाना अनिवार्य है उन्होंने कहा कि जल्द जल्द बूथ कमेटी बना कर अपने प्रभारियों दे दे वही नगर अध्यक्ष रामनरेश दुबे ने भी नगर क्षेत्र प्रत्येक बार्ड मै जाकर कार्यकर्तायो के घर पहुंच कर झंडा लगवाये गए तथा उन्होंने मण्डल अध्यक्षो से शीघ्र ही बार्ड क़्री सूची तैयार करके अपने प्रभारियों देने कहा तत्पश्चात जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष नेहा तिवारी जी के कार्यक्रम सम्मलित हुए इस मोके पऱ पूर्व सांसद प्रतिनिधि जसपाल सिंह बंटी, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुंडेत,विजय विक्रम सिंह नाती राजा,पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश रजक, जिला प्रवक्ता पवन विश्वकर्मा, रफीक अली,मु इमरान, असलम खान, दीपक रैकबार, संजीव चौरसिया, संदीप बबेले, उदल सिंह चंदेल आदि उपस्थित थे

### कच्ची शराब की भट्टी के पास शव मिला

**ललितपुर ।** अवैध कच्ची शराब की भट्टी के पास एक युवक का हाथ जला शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। मृतक के एक हाथ का पंजा पूरी तरह से जला हुआ बताया जा रहा है, जिससे युवक की अवैध शराब माफियाओं द्वारा हत्या की आशंका व्यक्त की जा रही है। पूरा मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घटवार का है, जहां एक खेत पर अवैध कच्ची शराब की भट्ठियां चढ़ी हुई थी जिसे देखकर अनुमान लगाया जा सकता है कि यहां अवैध कच्ची शराब बनाने का कारोबार बेखौफ अंदाज में किया जा रहा है। वहीं भट्टी से सटकर युवक का हाथ जला शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी मच गई है। घटना स्थल को देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक की अवैध शराब माफियाओं से विवाद के बाद की भट्टी से हाथ जलाकर हत्या कर दी गई हो। घटना की सूचना के बाद मौके पर फोरेंसिक टीम सहित पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। वही पुलिस का कहना है कि युवक की मौत का कारण पोस्टमार्म रिपोर्ट आने के बाद हो सकेगा।

## केपीएस पीजी डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत किया कार्यक्रम का आयोजन

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में छात्र-छात्राओं को बताए ट्रैफिक नियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तत्वावधान केपीएस पीजी डिग्री कॉलेज में एनएसएस प्रभारी दिनेश श्रीवास्तव के निर्देशन में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डायरेक्टर डॉ० लतिका सुडेले, प्राचार्य डा० राजेन्द्र प्रकाश एवं आईक्यूएसी प्रभारी प्रभाशु नगाइच, मुख्य अतिथि डॉ० लक्ष्मीकांत मिश्रा एवं मुख्य वक्ता डॉ राजीव मिश्रा ने मॉं सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। डॉ लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में छात्र-छात्राओं से कहा कि अधिकतर लोग जल्दबाजी एवं लापरवाही से वाहन चलाने पर दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। अतः आप भले ही देर से पहुँचें लेकिन सुरक्षित पहुँचें क्योंकि दुर्घटना से देर भली। प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि नाबालिग बच्चे वाहन न चलायें, बालिग छात्र-छात्राएँ भी लाइसेंस के साथ नियंत्रित गति से वाहन चलायें और हैल्मिट/सीट बेल्ट का प्रयोग करें। मुख्य अतिथि डॉ० लक्ष्मीकांत मिश्रा ने कहा कि छात्र-छात्राएँ वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें एवं यातायात के नियमों का पूर्णतः पालन करें। इसके साथ अपने आस-पड़ोस एवं समाज के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। जिससे बढती हुई दुर्घटनाओं को रोका जा सके। मुख्य वक्ता डॉ० राजीव मिश्रा ने कहा कि चौराहों पर लगे हुये सिगनल को समझें एवं इसका पालन करें, क्योंकि जीवन अमूल्य है। इससे खिलवाड़ न करें। कार्यक्रम संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया एवं एनएसएस प्रभारी दिनेश श्रीवास्तव में सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असि०प्रो० दिनेश श्रीवास्तव, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, आसिफ खान, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू, मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशि श्रीवास्तव मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।

## प्रशासक नगर पालिका ने टीम के साथ किया वार्ड का दौरा

# विद्यालय की दीवार पर से कब्जा तत्काल हटाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उप जिलाधिकारी सदर/प्रशासक मनीष कुमार व अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा टीम के साथ वार्ड नंबर 08 मोहल्ला जुगपुरा का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान प्रशासक द्वारा पाई गई कमियों को दूर कराये जाने के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिये गये।वार्ड नंबर 08 के निरीक्षण के दौरान वार्ड में साफ-सफाई व्यवस्था एवं वार्ड भे खराब पड़ी स्ट्रीट लाईटों की मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही साथ शमशान घाट का निरीक्षण किया , घास व झाडिया पायें जाने पर संबंधित स्वास्थ्य नायक को हटाये जाने हेतु निर्देश दिये गये। वार्ड में स्थित शौचालय का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान शौचालय में पानी की मोटर नहीं पाई गई व जीर्णशीर्ण हालत में पाया गया, जिसमें उन्होंने संबंधित अधिकारी को शौचालय की मरम्मत कराये जाने एवं पानी की मोटर डलवाये जाने हेतु निर्देश दिये गये।

### तत्काल पाइप लाइन डालकर दुरुस्त कराएं

निरीक्षण के दौरान मोहल्लेवासियों द्वारा अवगत कराया गया कि वार्ड की अनेक गलियां ऐसी है जहां पर जल निगम द्वारा डाली जा रही पाइप लाइन के लिए खोदे गये गड्ढों के चलते मोहल्लेवासी काफी परेशान हैं जल निगम द्वारा खोदे गड्ढों को ऐसा ही छोड़ दिया गया है, जिस पर अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिये गये कि जल निगम व जल संस्थान के अधिकारियों को पत्र जारी करते हुए खोदे गये गड्ढों को भरवाये जाने एवं जहां पाईप लाइन नहीं डाली गई है उक्त गलियों में तत्काल पाइप लाइन डालकर समस्त व्यवस्थाएं दुरूस्त कराई जाये।इसके बाद वार्ड में स्थित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया, अध्यापकों की उपस्थिति पंजिका को चैक किया गया, वहीं छात्रों से शैक्षिक स्तर के बारे में जानकारी ली गई, इस दौरान वार्ड पार्षद उदयप्रताप द्वारा अवगत कराया गया कि विद्यालय की दीवार पर एक युवक द्वारा दीवाल रखकर अतिक्रमण कर लिया गया है, जिस पर उन्होंने तत्काल निर्देशित किया गया उक्त अतिक्रमण को हटाया जाये। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, वार्ड पार्षद उदयप्रताप सिंह, पार्षद प्रतिनिधि मोहल्ला रामनगर श्री अमरदीप रजक, प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, नजूल लिपिक सुधीर रावत, स्वास्थ्य नायक सहित पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे ।




## डीएम को ज्ञापन भेजा

# त्योहारी सीजन में बकाया 5 माह का वेतन देने की मांग




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कार्यरत आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को पिछले पांच माह का बकाया वेतन दिलाये जाने की मांग को लेकर संयुक्त स्वास्थ्य आउट सोर्सिंग/संविदा कर्मचारी संघ ने एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा है। ज्ञापन में बताया कि आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों को अवनी परिधि कम्पनी के माध्यम से कई वर्षों से सेवा दे रहे है, लेकिन हम कर्मचारियों को वर्ष 2023 के पाच माह व वर्ष 2025 के अगस्त का 14 लोगो का वेतन नहीं दिया गया है। बाकी-सब लोगों का वेतन दिया गया है। इस सम्बन्ध में सभी कर्मचारियों ने प्रार्थना पत्र दिये परन्तु हम कर्मचारियों को हर बार की तरह एक या दो माह का वेतन दिया जाता है बाकी तीन, चार माह का वेतन रोक लिया जाता है, जिससे परिवार का भरण पोषण करने में कठिनाईयों का सामना करना पडता है। साथ ही साथ बच्चो की शिक्षा भी बाधित होती है। बताया कि अल्प वेतन में कर्मचारी घर परिवार चलाने को मजबूर हैं। ऐसी परिस्थिति में अगर कर्मचारियों का 05 माह का वेतन नही दिया जाता है तो कर्मचारियों ने लखनऊ मुख्यमंत्री तक जाकर अपनी समस्या रखने की बात कही। ज्ञापन देते समय अभिषेक पस्तोर, प्रताप, सोनू, जितेन्द्र शहरदार, धर्मेंद्र साहू, जितेन्द्र, सत्यभान सिंह, पंकज, भागीरथ, विनीत कुमार, कमल किशोर, रामनरेश, आकाश राजपूत, सुरेन्द्र कुमार, नवीन कोरी, नरेन्द्र पंथ, धर्मेंद्र यादव, अमित पंथ आदि मौजूद रहे।

## सांसद खेल महोत्सव-2025

# अधिक बालक-बालिकाओं का पंजीकरण कराएं : अनुराग



**ललितपुर।** सांसद खेल महोत्सव-2025 के अन्तर्गत ग्रामीण स्तर से उदीयमान बालक/बालिका खिलाड़ियों की खेल प्रतिभाओं को पूरे देश में उभारने एवं फिट इण्डिया का संदेश हर घर तक पहुँचाये जाने के उद्देश्य के साथ संभी संसदीय क्षेत्रों में दिनांक 29 अगस्त से 25 दिसम्बर तक सांसद खेल महोत्सव-2025 का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत ललितपुर में ग्राम/ब्लॉक स्तर पर विभिन्न 8 खेलों यथा-कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, एथलेटिक्स (100/200/400 मीटर दौड़), वालीवाल, फुटबाल, बैडमिन्टन एवं शतरंज के साथ-साथ अन्य खेलों का आयोजन भी होगा। इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक बालक/बालिका प्रतिभागियों (आयु 14 वर्ष से 29 वर्ष तक) का पंजीकरण कराये जाने हेतु आज गुरुवार को कलैक्ट्रेट सभागार में झॉसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र अनुराग शर्मा ने जनपद के शासकीय/गैर शासकीय माध्यमिक एवं महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों व बेसिक/माध्यमिक/महाविद्यालयों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में राज्य मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन विभाग मनोहर लाल पंथ, अध्यक्ष, जिला पंचायत कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष, भा.ज.पा. हरीशचन्द्र रावत, वरिष्ठ भा.ज.पा. कार्यकर्ता अतुल शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। सांसद खेल महोत्सव-2025 की संक्षिप्त रूपरेखा से सभी अवगत कराते हुये यथाशीघ्र जनपद हेतु निर्धारित न्यूनतम लक्ष्य 115000 प्रतिभागियों का पंजीकरण कराने हेतु समस्त शासकीय/गैर शासकीय व महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्यों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी विद्यालय/महाविद्यालय के खिलाड़ी उक्त लाभार्थीपरक योजना से वंचित न हो। खेल स्पर्धाओं में अधिक से अधिक खिलाड़ियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित किये जाने हेतु आधिकारिक वेबसाइट ॉ के माध्यम से पंजीकरण होगा, जिस हेतु वर्तमान ओ.टी.पी. की समस्या समाप्त कर दी गयी है अब कोई भी प्रतिभागी अपना मोबाइल नम्बर डालकर आसानी से पंजिकृत हो सकता है। सासंद ने निर्देश दिये कि ग्राम/ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाली खेल स्पर्धाओं के दौरान चिन्हित आयोजन स्थलों पर बालक/बालिका खिलाड़ियों को आवश्यक समस्त सुविधाएॅ व व्यवस्थाएॅ (यथा-शौचालय, साफ-सफाई, सुरक्षा, चिकित्सा, पेयजल आदि) उपलब्ध करायी जाएं। आयोजित खेल स्पर्धाओं में विजेता/उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार स्वरूप नगद धनराशि, आकर्षक पुरस्कार, प्रमाण-पत्र व स्पोर्ट्स किट से पुरस्कृत किया जायेगा तथा राज्य स्तर पर विजेता/उपविजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगीं। इसके साथ ही राज्य स्तर पर उत्कृष्ठ खेल प्रदर्शन करने वाले बालक-बालिका यथासम्भव भारतीय खेल प्राधिकरण अथवा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पोषित छात्रावास में प्रवेश पा सकेगें। अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान मौजूद रहे।

## अवैध कारोबार पर पुलिस एक्शन में

# जुआ-शराब के कारोबारियों पर कुर्की की कार्रवाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर


जिले में व्यापक स्तर पर जुआ के काले कारोबार को करने वाले चर्चित अभियुक्त गैंगलीडर एवं शराब का अवैध व्यापार करके रुपये अर्जित करने के प्रकरण में जिला मजिस्ट्रेट के आदेश व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देश पर कुर्की की कार्यवाही शुरू की गयी है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुनील कुमार जैन के खिलाफ गैंगस्टर धारा 14 (1) के तहत अपराध के जरिए अर्जित की गयी सम्पत्ति की कुर्की की जा रही है। इनकी घर, मकान, वाहन की अनुमानित कीमत करीब 42 लाख रुपये के आसपास है। इसकी बाजारी मूल्य अधिक भी हो सकता है। शराब माफिया के खिलाफ अवैध शराब की बिक्री का कारोबार करने वाले विनोद राय पर भी गैंगस्टर की कार्यवाही की गई थी। इनकी भी अपराध से अर्जित सम्पत्ति कुर्क की जा रही है, जिसकी कीमत अनुमानित 14-15 लाख के आसपास है, जिसमें वाहन और मकान को कुर्क किया जा रहा है। वहीं घनश्याम राय द्वारा अपराध करके अर्जित की गयी चल/अचल सम्पत्ति जिसकी अनुमानित लागत 12 लाख रुपये है को भी कुर्क किया जा रहा है। वहीं रवीन्द्र राय की 23 हजार रुपये कीमत की मोटर साइकिल को भी कुर्क की गई है। पुलिस प्रशासन द्वारा जो अपराध में संलिप्त अपराधी हैं माफिया हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा रही है। ऐसे लोगों के खिलाफ आगे भी कुर्की की कार्यवाही प्रक्रिया जारी रहेगी। पुलिस ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि सुनील कुमार जैन के खिलाफ करीब 16 मामले दर्ज हैं, जिनमें जुआ और गैंगस्टर के मामले शामिल हैं।

# इंजी. अरुण जैन को श्याम श्रोत्रिय स्मृति 2024 सम्मान दिया गया

## पंडित हरि प्रसाद पाठक साहित्य समिति मथुरा ने दिया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



देश की गौरव शाली संस्था अमृता हॉस्पिटल फ़रीदाबाद में विगत 8 वर्षों से सेवाएं दे रहे, इंजी. अरुण कुमार जैन को देश की प्रतिष्ठित साहित्यक संस्था,पंडित हरप्रसाद पाठक साहित्य समिति मथुरा द्वारा श्याम श्रोत्रिय स्मृति 2024 सम्मान प्रदान किया गया।

सम्मान में अलंकरण, प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र, साहित्य व नगद राशि प्रदान की गयी। संस्था के सचिव व देश के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ दिनेश पाठक शशि, देवी लाल गौड़ व श्रीमति शशि पाठक दिनेश ने यह सम्मान प्रदान किया। अरुण जैन के बिषय में बताते हुए उन्होंने कहा कि विगत 50 वर्षों से साहित्य सृजनरत जैन द्वारा 20 से अधिक कृतियाँ साहित्य जगत को मिलीं हैं । इनमे कविता, कहानी, उपन्यास, लघुकथा, बाल उपन्यास, बाल कविताएं, नाटक, आलेख सभी हैं । 1983 से आकाशवाणी के कई केंद्रों से जुड़े श्री अरुण जैन को भारत सरकार, ओड़िशा के मुख्य मंत्री व देशभर की संस्थाओं ने सम्मनित किया है । 3000 से अधिक रचनाओं के प्रकाशन की उपलब्धि वाले श्री जैन,जैन आचार्यो,संतो व माता अमृतानंद मयी देवी को अपने जीवन की बिशेष उपलब्धि मानते हैं। भारतीय रेल में देश भर में कार्य करने वाले अरुण जैन मूल रूप से नगर ललितपुर के निवासी हैं । इंजिनियर, साहित्यकार के साथ निर्बलों को शिक्षा व प्रकृति सम्बंर्धन इनके प्रिय कार्यों में है। यह सम्मान आगरा की सविता मिश्रा अक्षजा द्वारा श्रेष्ठ साहित्य सृजन हेतु हर वर्ष प्रदान किया जाता है।

## विश्व सुसाइड प्रिविशन डे पर सीएमओ सभागार गोष्ठी की

# "बढ़ते तनाव से लोग मानसिक समस्याओं का शिकार हो रहे"

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




विश्व सुसाइड प्रिविशन डे के अवसर पर सीएमओ सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने बताया कि आज के समय में बदलती लाइफ स्टाइल और बढ़ते तनाव के कारण लोग मानसिक समस्याओं का शिकार होते जा रहे है।

यह न सिर्फ व्यक्ति बल्कि पूरे समाज के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। डिप्रेशन और एंग्जायटी जैसी दिक्कतें कई बार इतने गंभीर रूप ले लती है है कि व्यक्ति आत्महत्या तक करने को मजबूर हो जाता है। इसी जगरूकता को बढ़ाने और लोगों को आत्महत्या रोकथाम के उपाय बताने के लिए हर साल 10 सितम्बर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य है लोगों को संदेश देना कि आत्महत्या रोकी जा सकती है और समय पर मदद लेने से जीवन को बचाया जा सकता है। इस अवसर पर नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ अमित तिवारी ने बतया कि दुनिया भर में आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ रहे है। इस समस्या को लेकर वैश्विक स्तर पर गंभीर प्रयासों की आवश्यकता है। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम संघ और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मिलकर 2003 से वल्ड सुसाईड प्रिवेंशन डेह्व की शुरूआत की। तब से हर साल यह दिन 10 सितम्बर को दुनियाभर में मनाया जाता है।पब्लिक हैल्थ स्पेशलिस्ट डॉ सौरभ सक्सेना ने बताया कि इस दिन का महत्व लोगों को यह संदेश देना है कि आत्महत्या रोकी जा सकती है। लोगों को मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत हेतु प्रोत्साहित करना ताकि लोग मदद लेने में हिचकिचाएं नहीं। परिवार और समाज में ऐसा माहौल बनाना चाहिए जिससे व्यक्ति को सहारा और सकारात्मक ऊर्जा मिल सके।राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला चिकित्सालय ललितपुर में मनकक्ष की स्थापना की गयी है। जिसके अन्तर्गत साईकोलॉजिस्ट एवं काउन्सलर के माध्यम से मानसिक अस्वस्थता/तनाव की स्थिति से गुजर रहे व्यक्तियों को उचित परामर्श, चिकित्सा उपचार एवं अन्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य से जूझ रहे लोगों की सहायता के लिए संचालित केन्द्रीय हैल्प लाईन सेवा ह्लटेली मानसह्व टोल फ्री नम्बर 14416 का भी व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। गोष्ठी के समापन पर नोडल अधिकारी डॉ अमित तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया वल्ड सुसाईड प्रिवेंशन डे 2025 में थीम के बारे में बताया।

जीवजीपुरा पहुंचा सरकारी अमला, 200 से अधिक लोग कच्चे व घास-फूस के मकानों में रहने को हैं मजबूर

# हरिभूमि के सामाजिक सरोकार पर प्रशासन ने लगाई मुहर, टपरियों में रहने वालों को जल्द मिलेंगे पीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

गांव की मुख्य समस्याओं के निवारण पर होगी प्राथमिकता, मिलेगा शासन की जनहितैषी योजनाओं का लाभ

जिले की सारंगपुर जनपद के जीवाजीपुरा गांव में शासन की जनहितैषी योजनाओं का लाभ न पहुंचने की खबर हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिस पर बुधवार को प्रशासन ने अपनी संवेदनशीलता दिखाते हुए ग्रामीणों से मुलाकात की और त्वरित कार्रवाई कर मूलभूत समस्याओं को जल्दी खत्म करने का आश्वासन दिया। खबर में उल्लेख किया गया था कि ग्राम जीवाजीपुरा के लगभग 200 से अधिक लोग टपरियों में रहने को मजबूर हैं और गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर, जिला राजगढ़ के निर्देशानुसार 10 सितंबर को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सारंगपुर की अध्यक्षता में विभिन्न विभागीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जीवाजीपुरा ग्राम के ग्रामीणों ने अपनी प्रमुख समस्याओं को सामने रखा, जिनमें मुख्य रूप से मेन रोड से मोहल्ले तक सड़क का अभाव, पेयजल संकट, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ न मिलना, शासकीय जमीन पर कब्जे का मुद्दा, महिला स्वसहायता समूह हेतु भूमि उपलब्ध कराने, राशन वितरण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं शामिल थीं।


न बनी सड़क, न ही मिला शासन की योजनाओं का लाभ
प्रशासन की अनदेखी और पुर्नवास का दंश झेलने को मजबूर जीवाजीपुरा के ग्रामीण
डूब क्षेत्र में आने के कारण 24 वर्ष पूर्व ग्रामीणों का दूसरी जगह होना था पुर्नवास जो आज भी अधूरा
कुछ को प्रशासन ने दिए थे पट्टे
प्रधानमंत्री आवास ग्रामीणों के लिए बना सपना
ग्रामीणों की व्यथा
प्रशासन ने दिया योजनाओं का लाभ पहुंचाने का भरोसा



## गांव तक पहुंच मार्ग और पेयजल के साथ पीएम आवास पर होगा फोकस

ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए। बैठक में तय किया गया कि शीघ्र ही मोहल्ले तक सड़क निर्माण कराया जाएगा, पेयजल व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी, प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता पर निपटाया जाएगा। साथ ही शासकीय भूमि उपलब्ध कराने, महिला स्वसहायता समूह को प्रोत्साहन, राशन वितरण में सुधार और शिक्षा सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु निर्देश जारी किए गए। अधिकारियों ने बताया कि जीवाजीपुरा प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए अतिरिक्त शिक्षकों की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड व अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने प्रशासन की इस त्वरित पहल पर संतोष व्यक्त किया। अनुविभागीय अधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि समस्याओं का शीघ्र निराकरण कर ग्रामीणों को राहत पहुंचाई जाए।

# सीएम ग्राम खड़ी पहुंचे, किसान से मिले, फसल का मुआयना किया



**कालापीपल।** कालापीपल विधानसभा के ग्राम खड़ी में सीएम डॉ मोहन यादव हेलीपैड से सीधे कार द्वारा कार्यक्रम स्थल पहुंचे। जहां सरपंच वेष्णव,ी अरुण मालवीय, भारतीय किसान संघ लोक शाक्ति सुभाष पाटीदार राजेन्द्र सक्सेना, योगेन्द्र डोडिया उपसरपंच भवरसिह सोनगरा बनेसिंह धाकड़ वीजेन्द्र नागर आदि ने पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल स्थित एक खेत में निरीक्षण के लिए पहुंचे। सीएम ने खेत में सोयाबीन की फसल देखकर किसान से चर्चा की।

किसान संघ लोक शक्ति व किसान संघ के पदाधिकारियों ने सीएम को सोयाबीन की फसल में पीला मोजेक बीमारी से अवगत कराया और बताया कि अधिकांश सोयाबीन इसके कारण नष्ट हो रही है। सीएम ने किसानों को बताया जिन किसानों को बीमा राशि नहीं मिल पाई है, उन्हें बीमा राशि दी जा रही है। शाजापुर जिले में अल्प वर्षा के कारण फसलों को नुकसान पहुंचा है, शीघ्र ही फसलों का सर्वे करवाकर किसानों को मुआवजा दिलवाया जाएगा। सीएम ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया शाजापुर जिले में पीला मोजेक और अन्य कारणों से फसलों का नुकसान हुआ है। सोयाबीन का रकबा जिले में 58 लाख बीघा हेक्टेयर है, वह 53 लाख हेक्टेयर रह गया है।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रभावित किसानों को बीमा की राशि जल्द ही प्रदान की जाएगी। उन्होंने कलेक्टर ॠजू बाफना को इस संबंध मे निर्देश दिए साथ ही सरकार आगामी समय में गेहूं की फसल 2700 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदेगी। दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार गोपालन को भी प्रोत्साहित करेगी। इस कड़ी में गाय पालने वाले किसानों को प्रति गाय 40 रुपये प्रतिदिन की आर्थिक सहायता दी जाएगी। उनके साथ मध्यप्रदेश के कृषि मंत्री एंदलसिंह कंसाना व कालापीपल विधायक घनश्याम चन्द्रवंशी शाजापुर विधायक अरुण भीमावद भाजपा जिला अध्यक्ष रवि पांडे सहित भाजपा नेता उपस्थित रहे।

वरिष्ठ संयुक्त संचालक ने स्त्री रोग विशेषज्ञ के फर्जी डिप्लोमा को लेकर की कार्रवाई

# मूल दस्तावेज के साथ डॉ अंजली को उपस्थित होने का दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा


सिविल सर्जन ने हेल्थ कमीशनर को जनवरी में ही भेज दिए थे डॉ अंजली के संदेहयुक्त दस्तावेज
क्लास 1 डॉ गायनिक, पर नहीं आता प्रसूताओं का ऑपरेशन, फर्जी अंकसूची से पाया प्रमोशन!
डिप्लोमा अंकसूची में एक्जाम सेंटर कलकत्ता में और शहर का नाम गाजियाबाद दर्ज
हेल्थ कमीशनर भी नहीं कर पाए 8 महिने में कोई ठोस कार्रवाई

क्लास वन का प्रमोशन में संबंधित डिप्लोमा को लेकर डॉ अंजली शर्मा की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। हाल ही में हरिभूमि ने डॉ अंजली का क्लास वन बनने में डिप्लोमा व अन्य डॉक्यमेंट पर संदेह जाहिर करते हुए समाचार प्रकाशित किया था। इसके बाद विभागीय कार्रवाई पर डॉ राजू निदारिया वरिष्ठ संयुक्त संचालक संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग द्वारा 8 सितंबर को आदेश जारी करते हुए 10 सितंबर को 11 बजे भोपाल कार्यालय में अपने मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। अब देखना यह है कि जिन स्त्री रोग विशेषज्ञ ने आज तक कोई ऑपरेशन नहीं किया हो और क्लास वन का तमगा भी ले लिया हो विभाग उन पर महरबानी करेगा या फिर जनहित में सही निर्णय लेकर किसी दूसरे गायनिक को जिले में भेजेगा।

# इंदौर पब्लिक स्कूल से अनिल दांगी का संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चयन

**ब्यावरा।** शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था इंदौर पब्लिक स्कूल ब्यावरा के कक्षा 7वीं के छात्र अनिल दांगी पिता रामसिंह दांगी, निवासी ढकोरा ने खेल क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अनिल दांगी का चयन अंडर-14 बालक वर्ग की 'एथलेटिक्स (दौड़) प्रतियोगिता में संभाग स्तर के लिए हुआ है। वे आगामी 11 सितंबर को भोपाल में आयोजित होने जा रही संभाग स्तरीय एथलेटिक्स (दौड़) प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। छात्र की इस सफलता पर विद्यालय संचालक हरिओम दांगी, प्राचार्य चेनसिंह जाटव, खेल शिक्षक ओवेश सर, धारणा नामदेव मेम सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए अनिल दांगी को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।




बुधवार को करीब 2 घंटे तक फेल रहा 'हमारे शिक्षक' एप का सर्वर

# किसी ने स्कूल की छत तो किसी ने टंकी पर चढ़कर लगाई ई-अटेंडेंस

कई समस्याओं के बावजूद जिले में बढ़ रहा ई-अटेंडेंस का ग्राफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शासकीय स्कूलों में शिक्षकों के समय पर पहुंचने और समय पर लौटना सुनिश्चित करने शिक्षा विभाग ने 'हमारे शिक्षक एप' लांच किया हुआ है। शिक्षकों सहित विभाग के अन्य कर्मचारियों को इसी एप पर अपनी उपस्थिति दर्ज करनी होती है। परन्तु बुधवार को यह एप का सर्वर सुबह 10 बजे से करीब 12 बजे तक तकनीकी समस्या की वजह से फेल रहा। इस कारण 20 फीसदी शिक्षक ही समय पर अपनी उपस्थित इस एपलीकेशन पर दर्ज कर पाए। हालांकि, बाद में यह समस्या सुलझ गई और शिक्षकों ने अपनी-अपनी अटेंडेंस इस एप दर्ज करवाई। सर्वर दुरुस्त होने पर बुधवार को जिले में पदस्थ कुल 7566 शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों में से 6658 ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।




### अधिकांश क्षेत्रों में आ रही नेटवर्क की समस्या

सुदूर ग्रामीण अंचलों में पदस्थ शिक्षकों ने बताया कि सर्वर फेल होने की तकनीकी समस्या तो सिर्फ एक दिन की थी लेकिन मोबाइल नेटवर्क न मिलने की समस्या अक्सर सामने आ रही है। कभी स्कूल की छत पर, समीप के टॉवर या पेड़ या अन्य ऊंचाई वाले स्थान पर चढ़कर हमें अपनी ई-अटेंडेंस लगानी पड़ रही है। नेटवर्क न मिल पाने के कारण कभी-कभी तो अटेंडेंस ही नहीं लग पाती है। शिक्षकों ने बताया कि हमें ई-अटेंडेंस लगाने में कोई परेशानी नहीं है लेकिन सर्वर फेल होने या नेटवर्किंग से जुड़ी समस्याएं आने पर ई-अटेंडेंस नहीं लग पाती है। इससे न केवल शिक्षक परेशान हैं बल्कि बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

### जिले के शिक्षक



शुरू-शुरू में अलबत्ता हमारे शिक्षक एप पर ई-अटेंडेंस का विरोध हुआ था लेकिन प्रशासन के जागरुकता प्रयासों एवं थोड़ी सख्ती के बाद अब अधिकांश शिक्षक इस एप पर ई-अटेंडेंस दर्ज कर रहे हैं। यही कारण है कि राजगढ़ जिला ई-अटेंडेंस में टॉप 10 वाले जिलों की फेहरिश्त में शामिल हो चुका है।

### 10 सितंबर को जिले में लगी ई-अटेंडेंस

| ब्लॉक | कुल शिक्षक | अटेंडेंस |
|---|---|---|
| राजगढ़ | 1367 | 1182 |
| ब्यावरा | 1272 | 1119 |
| नरसिंहगढ़ | 1544 | 1379 |
| सारंगपुर | 1106 | 996 |
| खिलचीपुर | 1105 | 935 |
| जीरापुर | 1172 | 1047 |
| कुल | 7566 | 6658 |

### इनका कहना है...

सर्वर पर अत्यधिक लोड के कारण बुधवार को कुछ समय के लिए सर्वर की समस्या आई थी जो 12 बजे बाद सुलझ गई। समस्या हल होने पर 87 फीसदी शिक्षकों ने ई-अटेंडेंस लगाई है। हमारे शिक्षक एपलीकेशन पर अन्य सुधार राज्य स्तर से किए जा रहे हैं।

**मनीष शर्मा, प्रभारी, ई-अटेंडेंस शिक्षा विभाग, राजगढ़**

# भारतेन्दु हरिश्चंद्र जयंती पर गोष्ठी का आयोजन

**सारंगपुर।** आधुनिक हिंदी साहित्य के पितामह, अपनी लेखनी से अंग्रेजी हुकूमत पर करारा प्रहार करने वाले भारतेन्दु हरिश्चंद्र की जयंती पर नगर में श्रद्धांजलि एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सोसाइटी फॉर सोशल डेवलपमेंट एंड रिसर्च सेंटर एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वावधान में स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर के वरिष्ठ साहित्यकार प्रेम शंकर पांडे रहे, जबकि विशेष अतिथि विष्णु पाटीदार थे। अध्यक्षता छतर सिंह राजपूत ने की। मां सरस्वती एवं भारतेन्दु हरिश्चंद्र जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अध्यक्ष सुशील व्यास सारंग ने राग मालकोश में सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। परिषद के उपाध्यक्ष बृजमोहन नारोलिया ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित कवियों एवं रचनाकारों ने अपनी-अपनी कृतियों से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कवि-गीतकार मुरलीधर सोनी 'पथिक' ने अपनी प्रतिनिधि रचना सुनाकर सबका मन मोह लिया। हास्य व्यंग्यकार जय हिंद दुबे ष्काका जीष ने अपनी हास्य रचनाओं से सभा को ठहाकों से गूंजा दिया। युवा कवि बृजमोहन नारोलिया ने समसामयिक परिप्रेक्ष्य पर प्रभावशाली रचना प्रस्तुत की। कवि-गीतकार सुशील व्यास सारंग ने अपनी काव्य रचना ष्कैकेई का त्यागष प्रस्तुत कर रामकथा का मार्मिक चित्र खींचा। जुगल किशोर दुबे ने चैपायों का पाठ किया, वहीं प्रमोद जोशी ने एक पैरोडी प्रस्तुत कर श्रोताओं को आनंदित किया। मुख्य अतिथि प्रेम शंकर पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि महापुरुषों का जीवन विपरीत परिस्थितियों में भी प्रेरणा देता है। भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने कठिन समय में अपनी लेखनी से सामाजिक, राष्ट्रीय और साहित्यिक चेतना का संचार किया। उनकी अमर नाटिका अंधेरी नगरी आज भी जनमानस को गहरे संदेश देती है। इस अवसर पर कमल परमार, सतीश प्रजापति सहित नगर के अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।




# दिनभर रहस्य बना रहा कामरान की कस्टडी

### शाम को बताया की ले गई दिल्ली पुलिस

**ब्यावरा।** शहर की शहीद कॉलोनी से बुधवार सुबह करीब 6 बजे कामरान को अरेस्ट कर पूछताछ के नाम पर ले जाया गया। परंतु दिन भर इस बात के कयास ही लगाए जाते रहे की बाहर की कोई पुलिस टीम ने अरेस्ट किया है तो कोई बोला की बदमाश उठा ले गए परंतु फिर शाम को 7 बजे के आसपास सिटी पुलिस थाने में कामरान को लाया गया और विधिवत उसे दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा ले जाया गया। बताया जा रहा है कि दिल्ली पुलिस सेल द्वारा अपराध क्रमांक 240/15 धारा 25 आम्र्स एक्ट बीएनएस की धारा 61/2 में मामला पंजीबद्ध किया गया है।

शिक्षक सम्मान समारोह का किया आयोजन

# 93 प्रतिशत अंक लाने पर छात्र को मिला लैपटॉप




**खुजनेर।** शांति कुंज एकेडमी हाई स्कूल खुजनेर में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन आयोजित हुआ। साथ ही गत वर्ष में कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र राज यादव को संस्था की तरफ से लैपटॉप प्रदान कर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य कंवरलाल यादव राम प्रसाद यादव प्रेम नारायण नागर धुरी लाल नागर मांगीलाल यादव सुरेश यादव विवेक विश्वकर्मा नंदकिशोर दांगी विनोद नागर आदि सभी मुख्य अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित हुए एवं सभी बच्चों को अपने उद्बोधन में विभिन्न प्रकार की शिक्षाप्रद बातें बताई गई विद्यालय के अध्यक्ष कमल शर्मा प्राचार्य दिनेश विश्वकर्मा एवं प्रभारी जितेंद्र नागर द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान किया गया कार्यक्रम का समापन में दिनेश विश्वकर्मा के द्वारा सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम में शांतिकुंज एकेडमी हाई स्कूल के समस्त स्टाफ गणों के द्वारा सभी अतिथियों को माला पहना कर एवं सम्मान स्वरूप भेंट प्रदान की गईं।

40 ग्रामों में नियमित पेयजल आपूर्ति प्रक्रिया का किया अवलोकन

# आगर जिले के प्रतिनिधियों ने समझी जल जीवन मिशन की पेयजल व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जल जीवन मिशन अंतर्गत राजगढ़ जिले की उन्नत पेयजल व्यवस्था अन्य जिलों के लिए प्रेरणा बन रही है। इसी क्रम में आगर जिले के नलखेड़ा ब्लॉक की विभिन्न पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं जल समितियों के अध्यक्षों ने राजगढ़ जिले का भ्रमण किया। दल ने सर्वप्रथम मोहनपुरा डेम के समीप बने इंटेक वेल का निरीक्षण किया, जहां उन्हें संरचना, क्षमता और पंपिंग प्रणाली की जानकारी दी गई। इसके बाद उन्होंने जल शोधन संयंत्र का अवलोकन किया। इस दौरान डीटीएल एसक्यूसी सत्येन्द्र कुमार जैन ने पेयजल शुद्धिकरण की पूरी प्रक्रिया, रख-रखाव एवं संधारण की तकनीकी जानकारी साझा की। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को जल कर समय पर जमा करने तथा नलों की सुरक्षा पर विशेष जोर देने की सलाह दी।




भ्रमण दल को पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले की विभिन्न जल योजनाओं की भी विस्तृत जानकारी दी गई। डिप्टी मैनेजर सचिन दांगी ने योजनाओं के सुचारु संचालन हेतु आवश्यक बिंदुओं पर प्रकाश डाला। वहीं सीपी मैनेजर (उज्जैन पीआईयू) कैलाश सगर ने प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे यहां से मिली जानकारियों को अपने-अपने गांवों और समितियों में साझा करें।

### आदर्श ग्राम कुंडीबे का किया भ्रमण

प्रतिनिधियों ने जिले के पहले जल आपूर्ति वाले ग्राम कुंडीबे का भ्रमण किया और वहां की व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने ग्रामीणों से इस व्यवस्था के लाभ जाने और अपने गांवों में भी इसी तरह की व्यवस्था स्थापित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर असिस्टेंट इंजीनियर गोरखपुरा चंद्रप्रताप, असिस्टेंट मैनेजर एक्सक्यूसी देव मेवाड़े, देवकरण वर्मा, कार्य एजेंसी प्रतिनिधि अशोक विश्नोई, आगर जिले के डीटीएल विजय, आईएसए पीएम मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

## दो जीवन को रोशन कर गया मोहन का नेत्रदान

**तलेन।** गोविंददास के छोटे भाई एवं कपिल, श्याम, ममता, माधुरी के पिताश्री मोहनदास भट्टड़ का बुधवार को निधनोपरांत भट्टड़ परिवार की सहमति होने पर लायंस क्लब ब्यावरा निवासी राहुल डागा ने संपर्क कर नेत्रदान की गुजारिश की। जिस पर शिक्षित समझदार परोपकारी परिवार ने अपनी सहमति प्रदान की। जिस पर नवज्योती नेत्रदान समिति की अध्यक्ष पूजा गुप्ता ने तुरंत भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल आई बैंक से संपर्क कर नेत्रदान करवाया। नवज्योती नेत्रदान समिति की अध्यक्ष ने कहा कि स्वर्गीय मोहनदास के नेत्रदान से नेत्रदान कि मुहीम को बल ना सिर्फ बल मिलेगा वरन जिले में नेत्रदान के प्रति आम जन में नेत्रदान के प्रति चेतना जाग्रत होगी। पूजा गुप्ता ने आगे कहा कि आँखों की खूबसूरती पर बेपनाह लिखने वालो, एक नजर उन पर भी डालनी चाहिए जो देख नही सकते। हर कोई अपनी आंखें मरने से पहले दान कर सकता है जिससे मरने के बाद भी हमारी आंखें इस खूबसूरत दुनिया को देख सके। दुनिया में बहुत से ऐसे लोग हैं जो इस खूबसूरत दुनिया को देख नहीं पाते हैं उनकी अंधेरी दुनिया में उजाला नेत्रदान करके लाया जा सकता है और नेत्रदान महादान करके मरने के बाद भी महापुण्य कमाया जा सकता है। नेत्रदान होने लायंस क्लब चिराग मोदानी, संदीप पालीवाल उपस्थित रहे।

## नाबालिग किशोरी का अपहरण, पुलिस ने मात्र 5 घंटे में किया बरामद

**गुना ।** मधुसूदनगढ़ थाना क्षेत्र से 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी के गुम होने की सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए महज पांच घंटे के भीतर किशोरी को सुरक्षित बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। घटना 7 सितंबर 25 की है, जब किशोरी बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गई थी। अगले दिन किशोरी के पिता ने मधुसूदनगढ़ थाने में गुम होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा निर्देशन में जिले में नाबालिग बालक-बालिकाओं के अपहरण और गुम होने के मामलों को गंभीरता से लिया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं डीएसपी मुख्यालय जमील उद्दीन सिद्दिकी के पर्यवेक्षण में मधुसूदनगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप यादव और उनकी टीम ने किशोरी की खोज शुरू की। तकनीकी साधनों और मुखबिर जाल की मदद से जानकारी जुटाकर रात में ही किशोरी के स्थान का पता लगाया गया और